भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 477**
03 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय: एमएसपी और भावान्तर भरपाई योजना**

**477. श्री सतपाल ब्रह्मचारीः**
**श्री जय प्रकाशः**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में वर्तमान में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाने वाली कृषि वस्तुओं की कुल मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीद हरियाणा के किसानों की आय का मुख्य स्रोत है;

(ग) वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान हरियाणा में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कुल मात्रा (मीट्रिक टन में) का ब्यौरा क्या है और उक्त उद्देश्य के लिए कितनी राशि का भुगतान किया गया है;

(घ) क्या हरियाणा में श्रीअन्न उत्पादक किसानों को भावान्तर भरपाई योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है; और

(ङ) वर्ष 2023-24 के दौरान हरियाणा में बाजरे के लिए मूल्य अंतर क्षतिपूर्ति के तहत प्रति क्विंटल कितनी राशि निर्धारित की गई थी और उक्त लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): सरकार किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के लिए उचित औसत गुणवत्ता के साथ अधिसूचित दलहन, तिलहन और खोपरा की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद हेतु एकीकृत पीएम-आशा योजना के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) कार्यान्वित करती है। पीएसएस, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकार के अनुरोध पर तब लागू की जाती है, जब बाजार मूल्य अधिसूचित एमएसपी से नीचे गिर जाते हैं। धान, गेहूं और मोटे अनाज की खरीद उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा की जाती है। कपास और जूट की खरीद वस्त्र मंत्रालय द्वारा की जाती है। खरीफ 2025-26 सीजन के दौरान, एमएसपी पर खरीदे गए धान, दलहन, तिलहन, मोटे अनाज और कपास का विवरण **अनुबंध-I** पर संलग्न है।

(ख) और (ग): वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान, हरियाणा राज्य में क्रमशः 58.94 एलएमटी और 53.99 एलएमटी धान की खरीद की गई, जिसका न्यूनतम समर्थन मूल्य क्रमशः 12,984.95 करोड़ रुपये और 12,524.90 करोड़ रुपये था।

(घ): हरियाणा सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरा की फसल के पूर्व निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और बाजार मूल्य के बीच के अंतर के लिए किसानों को मुआवजा दिया जाता है।

(ङ): हरियाणा राज्य सरकार ने खरीफ 2023 के दौरान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरा के लिए किसानों को 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से राशि उपलब्ध कराई है। खरीफ 2023 के दौरान 01.34 लाख किसानों को डीबीटी के माध्यम से 91.59 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई।

**अनुबंध-I**

| **वस्तु** | **खरीद की मात्रा एमटी में** |
|---|---|
| धान | 6,30,50,551.00 |
| दलहन | 2,38,183.27 |
| तिलहन | 28,75,400.79 |
| मोटे अनाज | 3,02,411.00 |
| कपास* | 86,68,000.00 |
| **कुल** | **7,51,54,546.06** |

* मात्रा गांठों में।

*****